## खबर संक्षेप

### जिले में आज से शुरू होगी सरसों की खरीदी

**कटनी।** भावांतर योजनांतर्गत 1 अप्रैल से 30 मई तक सरसों की खरीदी की जाएगी। जिलें में भावांतर योजना के सुचारु रुप से संचालन हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा मंडी समिति स्तरीय क्रियान्वयन समिति गठित की गई है। प्रदेश में रवी वर्ष 2025-26 सरसों उत्पादक कृषकों को भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम के मापदण्डों के अनुसार फेयर एवरेज क्वालिटी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य उलपब्ध कराये जाने हेतु राज्य शासन द्वारा भावांतर योजना प्रारंभ की गई है। कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के भारसाधक अधिकारी मंडी को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि संबंधित विकासखण्डों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, सहकारिता विस्तार अधिकारी और सहायक व कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी इसके सदस्य होंगे। वहीं सचिव मंडी समिति इस समिति के सदस्य सचिव होंगे।

### महाविद्यालय के निरीक्षण हेतु समिति गठित

**कटनी।** अशासकीय नालंदा विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय कटनी में नवीन पाठ्यक्रम और कक्षाओं की मान्यता हेतु भौतिक निरीक्षण किये जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं राजस्व अधिकारियों की एक समिति का गठन कर दिया है। साथ ही समिति को आगामी 7 दिवस में भौतिक निरीक्षण निर्धारित प्रारूप में करते हुये प्रतिवेदन प्रस्तुत करने एवं भौतिक निरीक्षण रिपोर्ट अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल पर प्रेषित करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जारी आदेश के अनुसार समिति में एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार कटनी नगर श्रीमती साक्षी शुक्ला, प्राचार्य शासकीय तिलक महाविद्यालय डॉ. सुनील कुमार बाजपेई, प्राचार्य पॉलिटेक्निक महाविद्यालय कटनी नरेन्द्र वरखेड़कर और प्राचार्य आईटीआई कटनी देवेश मिश्रा को शामिल किया गया है।

### निःशुल्क शासकीय शव वाहन सुविधा उपलब्ध

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा निःशुल्क शासकीय शव वाहन सेवा संचालित की जा रही है। इस सुविधा के तहत शासकीय अस्पतालों में उपचार के दौरान किसी रोगी अथवा दुर्घटना पीड़ित की मृत्यु होने पर पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक उनके निवास स्थान तक पहुंचाया जाता है। इसके लिए नागरिक निर्धारित हेल्पलाइन नंबरों 0755-2440502, 6269907250 एवं 6269906944 पर संपर्क कर सेवा का लाभ ले सकते हैं। यह सुविधा मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) सहित अन्य शासकीय अस्पतालों से उपलब्ध है। योजना का मुख्य उद्देश्य मृतकों के परिजनों को कठिन समय में सहारा प्रदान करना और पार्थिव शरीर को घर तक पहुंचाना है।

### कक्षा 3 के विद्यार्थियों के लिये होगा फाउण्डेशन लर्निंग स्टडी सर्वे

**कटनी।** प्राथमिक शिक्षा की नींव मजबूत करने और बच्चों के सीखने के स्तर का आंकलन करने के लिये 6 एवं 7 अप्रैल को टेबलेट बेस्ड फाउण्डेशनल लर्निंग स्टडी का आयोजन किया जा रहा है। यह सर्वे कक्षा 3 के विद्यार्थियों हेतु हिन्दी, अंग्रेजी एवं गणित विषय में कटनी जिले की 9 चयनित सेम्पल प्राथमिक शालाओं के विद्यार्थियों (कक्षा 3 के विद्यार्थी उत्तीर्ण होकर वर्तमान में कक्षा 4 में प्रवेश ले चुके होंगे) हेतु किया जाएगा। इस सर्वे कार्य को निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन कराने के उद्देश्य से डी.एल.एड. छात्राध्यापकों को फील्ड इन्वेस्टिगेटर (एफआई) नियुक्त गया है। फाउण्डेशनल लर्निंग स्टडी सर्वे की प्रक्रिया एवं फील्ड इन्वेस्टिगेटर के दायित्वों के निर्वहन हेतु डाइट कटनी में 4 और 5 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा उन्मुखीकरण आयोजित किया गया है।

### मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच में सुस्ती बरतने पर तीन खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के वेतन आहरण पर लगी रोक

# मिलावटखोरी पर सख्त हुये कलेक्टर : फैक्ट्रियों, कारखानों सहित होटल-ढाबों की जांच करने अधिकरियों को दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





खाद्य पदार्थों में मिलावट कर आम आदमी की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले, नकली और मिलावटी खाद्य सामग्रियां बनाने वाली फैक्ट्रियों, कारखानों तथा होटल और ढाबों का औचक निरीक्षण कर मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाय। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने इसके लिए संबंधित एसडीएम को इसकी निगरानी करने तथा तहसीलदारों को भी सक्रिय भागीदारी निभाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच कार्य में सुस्ती बरतने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर को जिले में पदस्थ तीनों खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी बरही द्वारा समय-सीमा बैठक के दौरान बिना सूचना दिये और अनुमति प्राप्त किये बगैर अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार और अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने गेहूँ, चना-मसूर और सरसों के उपार्जन कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि इस साल भावांतर योजना के तहत सरसों फसल की खरीदी 1 अपैल से 30 मई तक होगी। जिले में 742 किसानों ने सरसों के उपार्जन हेतु पंजीयन कराया है।

कलेक्टर ने जनगणना कार्य की समीक्षा की दौरान निर्देशित किया कि चार्ज स्तर पर संबंधित प्रगणकों और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी प्रगणक और सुपरवाइजरों की ड्यूटी आदेश जारी कर आदेश की तामीली सुनिश्चित कराई जाय।

कलेक्टर ने एचपीव्ही वैक्सीनेशन कार्य में गति लाने की हिदायत देते हुये कहा कि 1 अप्रैल से स्कूल शुरू हो रहें हैं। स्कूलों में 14-15 वर्ष की किशोरी बालिकायें जो प्रायः कक्षा 8वीं, 9वीं या 10 वीं में अध्ययनरत होती है, उनको सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये कैंप लगाकर एचपीव्ही टीकाकरण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने 'स्कूल चले हम' अभियान के तहत 1 अप्रैल से आयोजित होने वाले शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत शनिवार 4 अप्रैल को स्कूलों में आयोजित होने वाले भविष्य से भेंट कार्यक्रम के लिये अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश देते हुये कहा कि सभी अधिकारी इस कार्यक्रम में उनके लिये निर्धारित स्कूल में अनिवार्यतः पहुंचना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री तिवारी ने ई-विकास, जलजीवन मिशन, फार्मर आईडी ई-केवाईसी, सीएम हेल्पलाइन कार्यों की भी समीक्षा किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसी की औचक जांच का सिलसिला सतत जारी रखें।

कलेक्टर श्री तिवारी ने लोकसेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा को निर्देशित किया कि समय-सीमा से बाह्य लोक सेवा गारंटी के मामलों पर संबंधित शासकीय कर्मियों के विरूद्ध जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने दो-टूक लहजे में सभी विभागों के अधिकारियों को ताकीद किया कि उनके विभाग से संबंधित लोक सेवा गारंटी की सेवाओं को संबंधित हितग्राहियों को समय-सीमा के भीतर हर हाल में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

कलेक्टर श्री तिवारी ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार और सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे वर्तमान में फसल कटाई को देखते हुये अधिक से अधिक सीमांकन प्रकरणों को निराकृत कराना सुनिश्चित करें। वर्तमान में फसल कटने के बाद खेत खाली होने से सीमांकन कार्य सुगमता से हो सकेंगे। उन्होंने नामांतरण और बंटवारा के प्रकरणों के निराकरण में भी गति लाने के निर्देश दिये।

बैठक के दौरान सभी एसडीएम, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, जिला पेंशन अधिकारी नीतू गुप्ता, आरटीओ संतोष पाल, सहायक आयुक्त आदिम जाति विमल चौरसिया, उपसंचालक पशुपालन डॉ. आर के सोनी, एलडीएम मेजरस किंडो, सहायक संचालक मत्स्योद्योग आशीष नायक सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रेत के अवैध परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



रेत के अवैध परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बडवारा पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए रेत से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में की गई। जानकारी के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में बडवारा पुलिस द्वारा 30 मार्च को बसाडी मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली संदिग्ध अवस्था में पाई गई। वाहन चालक ने पूछताछ में अपना नाम अजय साहू (23 वर्ष), निवासी ग्राम बसाडी बताया। पुलिस द्वारा रेत परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज एवं ड्राइविंग लाइसेंस प्रस्तुत करने के लिए कहे जाने पर चालक कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने अवैध रेत परिवहन पाए जाने पर ट्रैक्टर एवं रेत से भरी ट्रॉली को मौके पर गवाहों की उपस्थिति में जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएसएस अधिनियम की धारा 106 के तहत वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी के.के. पटेल, सहायक उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह, आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी तथा आरक्षक गौरीशंकर राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### दर्जन भर सड़कों के निर्माण की मांग, सीईओ को सौंपा प्रस्ताव

**सिलौड़ी।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-4 (सिलौड़ी ब्लॉक, ढीमरखेड़ा) में ग्रामीण संपर्क मार्गों के विकास को लेकर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता पंकज राय ने पहल करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जिला पंचायत कटनी को पत्र सौंपकर 12 सड़कों के निर्माण की मांग की है।सदस्य द्वारा दिए गए प्रस्ताव में क्षेत्र के दूरस्थ गांवों में आवागमन सुविधा सुधारने के उद्देश्य से सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत करने का आग्रह किया गया है। प्रस्ताव के अनुसार प्रत्येक सड़क की लंबाई लगभग 1.50 किलोमीटर तथा प्रति सड़क अनुमानित लागत 20 लाख रुपये बताई गई है। इस प्रकार कुल लगभग 2 करोड़ 40 लाख रुपये के विकास कार्यों की मांग की गई है।प्रस्तावित सड़कों में सिलौड़ी, लालपुर, गोपालपुर, खम्हरिया, कचनारी, पाली, अतरसूमा, गौरा, पिण्डरई, दशरमन एवं सनकुई ग्राम पंचायतों के विभिन्न संपर्क मार्ग शामिल हैं। इनमें सोसाइटी से गंधन रोड, बरहाटोला से पीएम श्री स्कूल, माँ विरासन मंदिर से जवारा विसर्जन स्थल तथा महादेवी मंदिर से घटवैया मार्ग जैसे प्रमुख रास्तों का निर्माण प्रस्तावित है।

### पक्षियों के लिये दाना पानी की व्यवस्था के लिये रखे सकोरे



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता और कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग व जिला संगठक डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई के द्वारा मूक-बधिर एवं पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था की गई। भीषण गर्मी से बेहाल पक्षी मानव जीवन की उन्नति में बेहद सहायक होते हैं। मौन भाव से उनकी वाणी हमेशा जीवन को प्रोत्साहित करती है, उत्साह भरती है, नवीन कार्यों को करने के लिए सतत जागरूक रहने हेतु जाग्रत करती है। एनएसएस के स्वयंसेवक प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय प्रांगण में प्रत्येक वृक्ष की डालियों में सकोरे टाग कर पक्षियों हेतु जल की व्यवस्था की। इस कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। अंत में डॉ. माधुरी गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## दोहरी राहत के अंतिम अवसर का लाभ दिलाने दिन भर जुटा रहा निगम का राजस्व अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति के अंतिम दिवस को दृष्टिगत रखते हुए ऐसे में जिन उपभोक्ताओं ने अब तक संपत्ति कर व जलकर की बकाया राशि जमा नहीं की है, उन्हे शासन द्वारा प्रदाय की जा रही छूट से लाभान्वित करने के प्रयास किये गए। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर राजस्व अमला सुबह से ही विभिन्न शिविर स्थलों एवं उप कार्यालयों में तैनात रहकर नागरिकों को सुगमता से बकाया कर जमा करने की सुविधा प्रदान करने में जुटा है। इसके शिविर स्थलों में नागरिकों की सुविधा हेतु व्यापक व्यवस्थाएं की गई थी। नागरिकों की समस्याओं एवं शंकाओं का त्वरित निराकरण किया जाकर बकाया करों की राशि निगम कोष में जमा कराई जा रही थी। वहीं पूर्व निर्धारित रणनीति के अनुसार गठित दल द्वारा वार्डो में लगातार जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को मिलनें वाली छूट की जानकारी प्रदान गई है, जिसका सकारात्मक प्रभाव यह देखने को मिल की बड़ी संख्या में करदाता अपने बकाया करों का भुगतान कर छूट का लाभ प्राप्त किया।

नागरिकों को बिना किसी असुविधा के बकाया करों को जमा करने की सुविधा हेतु निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार कि निर्देश पर नगर निगम कार्यालय, जोन कार्यालय खिरहनी, जोन कार्यालय माधवनगर, सुभाष चौक, एवं बस स्टैंड पुलिस चौकी के समीप शिविरों का आयोजन किया गया था।

### कंट्रोल रूम मे आयोजित जन सुनवाई में सुनी समस्यायें

## पुलिस कप्तान ने कहा शिकायतों के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा स्वयं उपस्थित रहे और जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक आवेदन पर प्राथमिकता से कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।विभिन्न प्रकार की शिकायतें पहुंचीं जनसुनवाई में जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से पारिवारिक विवाद, आपसी मारपीट एवं झगड़े, पैसों के लेन-देन से जुड़े मामले, पुलिस द्वारा समय पर सुनवाई नहीं होने की शिकायतें, भूमि एवं प्लॉट संबंधी धोखाधड़ी, महिला अपराध, साइबर संबंधित शिकायतें तथा अन्य पुलिस प्रशासन से जुड़े प्रकरण प्रमुख रूप से सामने आए।पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाना प्रभारियों एवं अनुभाग अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस कप्तान ने स्पष्ट कहा कि आमजन की शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने उपस्थित नागरिकों को आश्वस्त किया कि कटनी पुलिस जनता की सुरक्षा और न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को सीधे वरिष्ठ अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाने का अवसर प्रदान करना है, ताकि समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा निराकरण की जानकारी आवेदकों को समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए।

जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया सहित जिले के समस्त अनुभागों के पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा आवेदकों की समस्याओं को विस्तार से सुनकर मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा कई मामलों में तत्काल कार्रवाई प्रारंभ कराई गई। जनसुनवाई से आम नागरिकों को सीधे पुलिस प्रशासन से संवाद का अवसर मिल रहा है, जिससे लोगों का पुलिस व्यवस्था पर विश्वास मजबूत हो रहा है।

### जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम झिंझरी के सांदीपनि विद्यालय में होगा

## जिले में आज से प्रारंभ होगा नया शैक्षणिक सत्र, स्कूलों में होगा विशेष भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2026-27 एक अप्रैल से शुरू होगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसे ₹स्कूल चलें हम₹ अभियान के रूप में मनाया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक को अभियान के व्यवस्थित और सुचारु संपादन के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। अभियान 4 अप्रैल तक चलेगा। अभियान के तहत कटनी जिले में 1 से 4 अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम होंगे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने अभियान अवधि के दौरान जिले के शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। जिले में करीब 1 हजार 985 सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्रायमरी स्कूल 1278, मिडिल स्कूल 531 तथा 176 हाई और हायर सैकेण्डरी स्कूल शामिल हैं। इसके अलावा अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन के 43 संस्थायें संचालित है, जहां बच्चों को नर्सरी और केजी की पढ़ाई कराई जाती है। इन सब स्कूलों को मिला कर जिले के शासकीय स्कूलों में लगभग 1 लाख 66 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं।

### पुस्तक एवं साइकिल वितरण

कलेक्टर श्री तिवारी ने 1 अप्रैल को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को सहभागी बनाने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने कहा है। प्रवेशोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम सांदीपनि विद्यालय झिंझरी में होगा। कलेक्टर के निर्देश पर जिले में ऐसी व्यवस्था की गई है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में ही विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें और साइकिल वितरण किया जाये।



### सांस्कृतिक एवं खेल-कूद गतिविधियों का आयोजन

₹स्कूल चलें हम₹ अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर 2 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों को विद्यालय से जोड़ना है। इसी दिन शाला में उपस्थित पालकों को शैक्षणिक स्टाफ द्वारा राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा।

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम

₹स्कूल चलें हम₹ अभियान के तहत शनिवार 4 अप्रैल को शालाओं में "भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन राज्य शासन के अधिकारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेगा। आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियां सुनाएंगे। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वेच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएं भेंट कर सकेंगे।

कलेक्टर ने जिला परियोजना समन्वयक को जिले के अधिकारियों को किसी एक शाला में जाकर एक कालखण्ड में बच्चों के साथ संवाद करने के लिए ड्यूटी आदेश जारी करवाने के निर्देश दिये हैं।




## ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी द्वारा त्रैमासिक निरीक्षण के तहत मंगलवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईव्हीएम वेयर हाउस, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही। कलेक्टर श्री तिवारी ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यों का जायजा लिया तथा संधारित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईव्हीएम मशीनों के सही रख-रखाव का भी अवलोकन किया। इस दौरान राजनीति दलों के पदाधिकारी एवं अधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### हनुमान प्रकटोत्सव पर होंगे विविध आयोजन

**सिलौंडी।** सिलौंडी के प्रसिद्ध श्री बालाजी दरबार सिलौंडी में 1 अप्रैल, बुधवार को 24 घंटे के अखंड रामचरित मानस पाठ के साथ एक नए उत्साह की शुरुआत होगी। द्वितीय दिवस पर 2 अप्रैल गुरुवार को हनुमान चालीसा, महाआरती, महाभोग के पश्चात हनुमान प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में सायंकाल 4 बजे एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन होगा। श्री बालाजी सुंदरकांड समिति सिलौंडी द्वारा आयोजित इस पवित्र आयोजन में समस्त सनातनी समाज को सादर आमंत्रित किया है ।विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी श्री बालाजी मंदिर की ओर से 2 अप्रैल गुरुवार को विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है, श्री बालाजी समिति सभी लोगों बड़ी संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है । सिलौंडी के बड़े हनुमान मंदिर,छोटे हनुमान मंदिर,बाजार मोहल्ले में कुटी ,राम मंदिर वाली कुटी ,पंचमुखी हनुमान मंदिर ,सिहोरा रोड वाले दक्षिण मुखी हमुनान मंदिर , धरमपूरा वाले हनुमान मंदिर में भी हनुमान जयंती पर विशेष पूजन अर्चन का आयोजन होगा ।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से वाहन रैली आज निकलेगी

**कटनी।** दक्षिणमुखी बड़े हनुमान मंदिर के तत्वावधान में हनुमान प्राकट्य महोत्सव के अंतर्गत शहर में आज वाहन रैली निकाली जाएगी। मंदिर समिति के अनुसार रैली मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। रैली में सैकड़ों की संख्या में दोपहिया एवं चारपहिया वाहन शामिल होंगे, जिनमें श्रद्धालु भगवा ध्वज एवं धार्मिक नारों के साथ भाग लेंगे।आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। रैली के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए प्रशासन का सहयोग भी लिया जाएगा।हनुमान प्राकट्य महोत्सव के अंतर्गत आगामी दिनों में भजन संध्या, महाआरती एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे पूरा शहर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहेगा।

### साइकिल स्टैण्ड कर्मचारी के साथ मारपीट करने पर आरपीएफ कर्मी निलंबित



**कटनी।** साइकिल स्टैण्ड कर्मचारी के साथ मारपीट के मामले में रेलवे सुरक्षा बल के राकेश द्विवेदी को अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आरपीएफ जवान राकेश द्विवेदी ने स्टेशन के बाहर स्थित साइकिल स्टैंड के कर्मचारी से खाने-पीने का कुछ सामान मंगवाया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि जवान ने आपा खो दिया और स्टैंड कर्मचारी राहुल यादव व एक अन्य साथी के साथ जमकर मारपीट कर दी। स्टेशन परिसर जैसे व्यस्त इलाके में हुई इस मारपीट से वहां मौजूद लोगों के बीच हड़कंप मच गया और कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। आरपीएफ कर्मी की पिटाई से कर्मचारी राहुल यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए उसे तत्काल रात में ही जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ फिलहाल उसका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ मुख्यालय ने मामले को गंभीरता से लिया है। राकेश द्विवेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रशासन अब मामले की विस्तृत जाँच कर रहा है।

## आयुक्त ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# आईएचएसडीपी योजना के भवनों में अनाधिकृतों को हटाने करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने मंगलवार को नगर निगम के एम आई सी सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक टीएल बैठक में विभिन्न शाखाओं के कार्यों, विभागीय योजनाओं एवं समय सीमा के चिन्हित पत्रों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में निगमायुक्त ने शासन के महत्वपूर्ण अभियानों एवं पीएम स्वनिधि योजना, संबल योजना, स्वच्छता सर्वेक्षण, लंबित न्यायालयीन प्रकरणों सहित विभिन्न अंतर्विभागीय मुद्दों एवं कार्यो की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने वाटर हार्वेस्टिंग को बढावा देने हेतु अभियान चलाकर कार्यवाही करने के साथ ही वर्षा ऋतु के पूर्व पौधारोपण अभियान की सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर हरित क्षेत्र को विकसित करने, जल संरचनाओं का पुनर्जीवन, नदी-तालाबों की साफ-सफाई एवं जल संरक्षण हेतु रिचार्ज पिट निर्माण का कार्य प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए।



आईएचएसडीपी योजनान्तर्गत पूर्व निर्मित भवनों में निवासरत हितग्राहियों की पात्रता परीक्षण कार्य की प्रगति में लेटलतीफी पर निगमायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए राजस्व एवं स्वास्थ्य अमले के साथ फील्ड पर रोजाना कार्यवाही करते हुए आगामी 10 दिवस के अंदर कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश उपयंत्रियों को दिए। योजना के तहत निर्मित भवनों में बिना किसी आवेदन के अनाधिकृत रूप से निवासरत लोगों के विरुद्ध अभियान चलाकर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश निगमायुक्त ने अधिकारियों को देते हुए कहा कि जिन हितग्राहियों ने नियमानुसार आवेदन किया है उन्हे प्राथमिकता के साथ भवन आवंटन की कार्यवाही सुनिश्चित की जावे।

### फायर सेफ्टी की करें जांच

निगमायुक्त नें गीष्म ऋतु के दौरान संभावित अग्नि दुर्घटनाओं में इजाफे की संभावनाओं को देखते हुए सभी शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, अस्पतालों, स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थलों में फायर सेफ्टी नियमों का पालन सुनिश्चित करानें के साथ समय-समय पर फायर सेफ्टी व्यवस्था की जांच निरंतर जारी रखनें के निर्देश दिए। उन्होंनें अग्निशमन यंत्र की उपलब्धता तथा उनकी वैधता की जांच करनें सहित फायर अलार्म सिस्टम एवं स्प्रिंकलर सिस्टम की कार्यशील स्थिति, इमरजेंसी एग्जिट मार्ग, विद्युत वायरिंग एवं उपकरणों की नियमित जांच, ज्वलनशील पदार्थों का सुरक्षित भंडारण करानें, घनें रहवासी स्थलों से कबाड़ की दुकानों को अलग करानें सहित फायर सेफ्टी प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल का आयोजन कर आग से बचाव एवं आपातकालीन स्थिति से निपटनें का प्रशिक्षण प्रदान करनें हेतु भी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

निगमायुक्त ने बैठक के दौरान पीएम स्वनिधि योजना, जनकल्याण संबल योजना के प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देशित किया कि शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न हो सके इस हेतु लंबित प्रकरणों पर गंभीरता पूर्वक कार्यवाही करें।



# जनसुनवाई में 146 आवेदकों ने कलेक्टर से बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 146 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्हारे सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

इन्दिरा गांधी वार्ड शिवनगर निवासी रोशनी गुप्ता ने कलेक्टर श्री तिवारी को आवेदन देते हुये कहा कि मैं दिव्यांग महिला हूँ और मेरी आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है। इस वजह से मैं अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दिला पा रहीं हूँ। मेरे बेटे का एडमीशन सांदीपनि स्कूल में करवा दीजिये। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिये।

बालगंगाधर तिलक वार्ड निवासी जुगराज सिंह ने बताया कि मेरा स्वास्थ्य सही नहीं रहता है और मेरा आयुष्मान कार्ड भी नही बना है। प्राईवेट अस्पताल की फीस भरने में असमर्थता की वजह से मैं ढंग से अपना ईलाज नहीं करवा पा रहा हूँ। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएमएचओ को आवेदक का आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। ग्राम सलैया प्यासी तहसील स्लीमनाबाद निवासी अजय बर्मन ने कलेक्टर श्री तिवारी से सड़क निर्माण की मांग करते हुये कहा कि वार्ड नं. 5 की सड़क अत्यंत खराब है। इस कारण आवागमन में असुविधा होती है।

## नगर निगम कार्यालय में कर्मचारियों को कराया गया पूर्वाभ्यास

# आपात स्थिति से निपटने और व्यवस्थाओं को परखने राहत एवं बचाव का हुआ मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मॉक ड्रिल सामान्य प्रक्रिया है। इसमें कोई पैनिक न करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिये नागरिकों को तैयार करने और प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से मंगलवार को सायं 6:30 बजे से "मॉकड्रिल" किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान नगर निगम कटनी कार्यालय के पूर्व चयनित स्थान छत एंव कार्यालय परिसर के बाहर बरामदे के एक नियत अंतराल पर आपातकालीन स्थितियां निर्मित कर राहत एवं बचाव कार्य किया गया।





नगर निगम कार्यालय मे आपातकालीन स्थिति से निपटने मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के तहत आग लगने के कारण आपातकालीन स्थिति की सूचना मिलते ही नगर निगम तथा अग्निशमन की टीम तत्काल मौके पर पहुंचीं। इस दौरान नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौके पर मौजूद रहे। मॉक ड्रिल के दौरान निगम कार्यालय के कर्मियों एवं फायर दल ने समन्वय के साथ बचाव कार्यो का सफल क्रियान्वयन किया।

मंगलवार को शाम 6:32 बजे के आस-पास जब कन्ट्रोल रुम से सूचना मिली की नगर निगम कार्यालय परिसर में भीषण आग लगी है जिस पर अग्निशमन दल अपने संसाधनों के साथ तत्काल वहां पहुंचा और बचाव के उपायों को अपनाने का अभ्यास किया गया। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के मार्गदर्शन में संचालित मॉक ड्रिल के दौरान आपात स्थिति में राहत एवं बचाव की तैयारियों का मॉक ड्रिल किया गया।निगमायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रीष्म ऋतु में आगामी समय में नगर के अन्य शासकीय कार्यालयों एवं घनी बस्तियों में मांक ड्रिल का आयोजन कर नागरिकों को बचाव के तरीकों की जानकारी प्रदान की जायेगी।

## अशोक स्तंभ हटाने के बाद अब निर्माण कार्य में हो रही देरी



उमरियापान के मुख्य बाजार स्थित झंडा चौक पर बने अशोक स्तंभ को हटाए जाने के बाद अब तक नया निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। वर्तमान में केवल एक पिलर खड़ा है, जो शोपीस बनकर रह गया है, जबकि स्तंभ का निर्माण अधूरा पड़ा है। स्तम्भ के आसपास गंदगी पसरी रहने से स्थानीय लोगों में असंतोष का माहौल बना हुआ है। जनवरी माह में अशोक स्तंभ को जेसीबी मशीन के माध्यम से हटाया गया था, लेकिन इसके बाद ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कार्य में अपेक्षित तेजी नहीं दिखाई गई। उमरियापान के झंडा चौक में करीब छह दशक पूर्व निर्मित अशोक स्तंभ नगर की पहचान और गौरव का प्रतीक रहा है। इस स्थल पर प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पर्वों पर ध्वजारोहण किया जाता था।वहीं हिंदू नववर्ष एवं अन्य प्रमुख जयंती अवसरों पर दीप प्रज्वलन जैसे आयोजन भी होते थे।स्थानीय लोगों का कहना है कि स्तंभ निर्माण अधूरा रहने के कारण इस वर्ष नवरात्रि के दौरान दीप प्रज्वलन कार्यक्रम भी आयोजित नहीं हो सका। स्तंभ के अभाव में कई वाहन चालक भी भ्रमित होकर आगे निकल जाते हैं। ग्राम पंचायत द्वारा कराए जा रहे इस निर्माण कार्य को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## 52 हजार से अधिक किसानों ने गेहूं उपार्जन हेतु कराया पंजीयन

# जिले में बनाये गये 77 उपार्जन केंद्रों अब 15 अप्रैल से प्रारंभ होगी गेहूं की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तिथि में संशोधन किया गया है। अब जिले में गेहूं की खरीदी 7 अप्रैल के बजाय 15 अप्रैल से शुरू होगी। गेहूं उपार्जन का कार्य सोमवार से शुक्रवार प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक (शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर) किया जाएगा।समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है।

7 फरवरी से 10 मार्च तक हुये पंजीयन प्रक्रिया में कटनी जिले के 52 हजार 951 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश व जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा पर गेहूँ उपार्जन हेतु जिले में 77 उपार्जन केंद्र निर्धारित किये गये हैं। पंजीयन में बहोरीबंद अग्रणीसमर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु तहसील बहोरीबंद में 10 हजार 826, ढीमरखेड़ा में 9 हजार 748 और विजयराघवगढ़ में 6 हजार 780 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसी प्रकार तहसील रीठी में 5 हजार 411, बड़वारा में 5 हजार 43 और बरही में 4 हजार 87 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसके अलावा तहसील कटनी नगर में 2 हजार 951 व कटनी में 2 हजार 778 किसनों ने अपना पंजीयन कराया है।इस वर्ष 2 हजार 625 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर किसानों से गेहूँ का उपार्जन किया जाएगा।

केन्द्र सरकार द्वारा गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2 हजार 585 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है। वहीं म.प्र. सरकार द्वारा 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा।उपार्जित फसल के भुगतान हेतु बैंक खाताकिसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा।

## जिला अधिवक्ता संघ द्वारा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# न्यायालय व अधिवक्ताओं के बीच समन्वय ही सशक्त न्याय प्रणाली की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला अधिवक्ता संघ कटनी द्वारा आयोजित समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा (फैमिली कोर्ट), न्यायाधीश भास्कर यादव, विशेष न्यायाधीश श्री मित्तल, श्री बुंदेला, गोपेश गर्ग, राजेश श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार नागेश शाह सहित अन्य न्यायाधीशगण विशेष रूप से मौजूद रहे। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का शॉल एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ताओं को



सम्मानित किया गया तथा नवागत अधिवक्ताओं को बैंड पहनाकर उनका स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने नवप्रवेशी अधिवक्ताओं को आशीर्वाद भी प्रदान किया।

मुख्य अतिथि राधेलाल गुप्ता ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की मजबूत नींव होते हैं और उनका अनुभव नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक का कार्य करता है। अधिवक्ता समाज में न्याय, सत्य और संविधान की रक्षा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हैं तथा ऐसे सम्मान समारोह अधिवक्ताओं का मनोबल बढ़ाते हैं। प्रधान न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि न्यायालय और अधिवक्ताओं के बीच समन्वय ही सशक्त न्याय प्रणाली की आधारशिला है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं का अनुभव न्याय प्रक्रिया को प्रभावी बनाता है और इस प्रकार के आयोजन आपसी विश्वास को मजबूत करते हैं।

जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला ने कहा कि संघ सदैव वरिष्ठ अधिवक्ताओं के सम्मान और मार्गदर्शन को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उनके अनुभव से अधिवक्ता परिवार को निरंतर दिशा और प्रेरणा मिलती है तथा ऐसे आयोजन अधिवक्ता समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला, नवीन शुक्ला, सचिव राजकुमार तिवारी, उपाध्यक्ष संतोष परोहा, सहसचिव मीत धवल, कोषाध्यक्ष निर्मल दुबे, पुस्तकालय प्रभारी संदीप नायक सहित कार्यकारिणी सदस्य अजय जायसवाल, दुष्यंत शर्मा मौजूद रहीं।

## हवन पूजन भंडारे के साथ तीन दिवसीय आयोजन का समापन

# जीवंत झांकियों के साथ निकाली गई सांई शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

साई फेंस क्लब द्वारा साईं जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत शहर में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शोभायात्रा साईं मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा के दौरान साईं बाबा की सुसज्जित पालकी आकर्षण का केंद्र रही। जैसे ही शोभायात्रा श्रीश्री 1008 दक्षिण मुखी बड़े हनुमान मंदिर पहुंची, वहां श्रद्धालुओं द्वारा साईं बाबा की पालकी का भव्य स्वागत किया गया तथा महाआरती उतारी गई।यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर साईं बाबा का स्वागत किया।

शोभायात्रा में शामिल जीवंत झांकियों ने सभी का मन मोह लिया और भक्तों को साईं भक्ति में सराबोर कर दिया।साई फेंस क्लब के सदस्यों ने बताया कि 29 मार्च से 31 मार्च तक आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में अभिषेक पूजन, भजन संध्या, शोभायात्रा, हवन पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन के तीसरे दिन हवन-पूजन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा , जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करेंगे । आयोजन समिति के द्वारा भंडारे में भक्तों की भारी भीड़ और सभी ने श्रद्धा भाव से सेवा में सहभागिता की अपील की गईं है ।

साईं सोभायात्रा मे डॉ रजनीश शास्त्री ,पप्पू गुप्ता, गुल्लू ख़मपरिया ,संदीप गुप्ता मंटू सुरेंद्र सोनी, रौनक खण्डेलवाल सुनील, हसीजा, प्रदीप दुबे, सुमित जायसवाल ,सुरेन्द्र सोनी, दीपक कचेर सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# अनेक सुदूर सड़क निर्माण को स्वीकृत करने विधायक ने जिला पंचायत सीईओ को भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

बड़वारा विधायक विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने सिलौंडी मंडल में प्रवास में मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी और आम जनता की मांग पर सिलौंडी मंडल में अनेक सुदूर सड़क स्वीकृत हेतु जिला पंचायत सी ओ कटनी को पत्र लिखा है । गोपालपुर - हरदुआ से सनकुई (1.5 किमी, 20 लाख) खंदवारा - झकाझोर से सारंगपुर सगोया मार्ग तक (1.5 किमी, 20 लाख), खंदवारा - किरहा जलाशय सारंगपुर से मुख्य मार्ग तक (1.5 किमी, 20 लाख) सिमरिया - मुख्य मार्ग से महेन्द्र पटेल की घर की ओर (1.5 किमी, 20 लाख), खमतर्रा - खमतर्रा से ऊचेहरा मार्ग तक (1.5 किमी, 20 लाख)देवरी मारवाडी - सिंघनपुरा से देवरी पहुच मार्ग (1.5 किमी, 20 लाख) पहरूआ - धर्मेन्द्र सिह के घर से खेर नाता (1.5 किमी, 20 लाख). पिंडरई - पिंडरई से सगोना मार्ग (1.5 किमी, 20 लाख) महंगवा (देहगवा) - देहगवा से खिरवा मार्ग तक (1.5 किमी, 20 लाख) देवरी (देहगवा) - देवरी से पिपरिया मार्ग (1.5 किमी, 20 लाख) पिंडरई से तिलमन (1.5 किमी, 20 लाख) सगमा - कालोनी से संतोष बागरी के घर तक (1.5 किमी, 20 लाख) सनकुई - शंकर मन्दिर से कोई नाला तक (1.5 किमी, 20 लाख)कचनारी - टगारा मोहल्ला से मुख्य मार्ग तक (1.5 किमी, 20 लाख महनेर - नर्मदा नहर से गांव की ओर (1.5 किमी, 20 लाख) दशरमन - गानियारी रोड से श्रीदेव धाम की ओर (1.5 किमी, 20 लाख). दशरमन - मेहदेवी मन्दिर से घटेरया घाट की तक (1.5 किमी, 20 लाखखाम्हा (करही) - करही गांव से खिरहनी की ओर बड़ी नहर तक (1.5 किमी, 20 लाख)29. गोपालपुर - हरदुआ से सनकुई (1.5 किमी, 20 लाख) 30. खंदवारा - झकाझोर से सारंगपुर सगोया मार्ग तक (1.5 किमी, 20 लाख33. खमतर्रा - खमतर्रा से ऊचेहरा मार्ग तक (1.5 किमी, 20 लाख)34. देवरी मारवाडी - सिंघनपुरा से देवरी पहुच मार्ग (1.5 किमी, 20 लाख)35. पहरूआ - धर्मेन्द्र सिह के घर से खेर नाता (1.5 किमी, 20 लाख)36. पिंडरई - पिंडरई से सगोना मार्ग (1.5 किमी, 20 लाख) देवरी (देहगवा) - देवरी से पिपरिया मार्ग (1.5 किमी, 20 लाख)पिंडरई - पिंडरई से तिलमन (1.5 किमी, 20 लाख)40. सगमा - कालोनी से संतोष बागरी के घर तक (1.5 किमी, 20 लाख)43. खम्हरिया (बागरी) - मुक्तिधाम से बहेली मोहल्ला (1.5 किमी, 20 लाख)44. लालपुर - सुनहारा तालाब से नई बस्ती तक (1.5 किमी, 20 लाख) शामिल है।

खबर संक्षेप

### बटियागढ़ में चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

**दमोह।** जन सरोकार समाजसेवी समिति बटियागढ़ द्वारा शिक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु सेक्टर बटियागढ़ के गांव-गांव में दीवार लेखन (स्लोगन) के माध्यम से लोगों को अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। समिति द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए उन्हें विद्यालय अवश्य भेजें और शिक्षा के महत्व को समझें।

### नरवाई से भूसा बनाने की मुहिम चलाई

**दमोह।** ग्राम सदगुवां और बम्हौरी में किसानों को नरवाई (फसल के अवशेष) न जलाने के लिए जागरूक करना एक बहुत ही सराहनीय और जरूरी पहल है। मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण को बचाने के लिए यह संदेश हर किसान तक पहुँचना आवश्यक है।नरवाई जलाने के नुकसान और उसे न जलाकर प्रबंधन करने के लाभ और नुकसान पर विस्तार से जानकारी दी गई।

### शराब दुकान को नगर से बाहर रखे जाने के लिए तहसीलदार को दिया आवेदन

**पवई।** पवई नगर में भारतीय स्टेट बैंक के बगल से वार्ड क्रमांक 9 संचालित है,जिसको नगर के बाहर रखे जाने हेतु मंगलवार को नगर वासियों ने तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी पवई के नाम तहसीलदार रत्न राशि पाण्डेय आवेदन सौंपा, जिसमें उन्होंने लेख किया है कि नगर के वार्ड क्रमांक 9में भारतीय स्टेट बैंक के बगल से शराब की दुकान संचालित है वहीं पर दुर्गा मंदिर है पास में एसडीओ फॉरेस्ट का बंगला है और आगे पीएम श्री एक्सीलेंस स्कूल तथा पास में ही गायत्री मंदिर स्थित है। आए दिन दारू पीकर लोग बवाल करते हैं,वहीं पर लोगों की दुकानें हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है।

# निजी विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं में एनसीईआरटी/एससीईआरटी की पुस्तकों को लागू किया जाना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर एवं जिला समिति अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर ने कहा है केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अनुसार समस्त निजी/अशासकीय विद्यालयों हेतु कक्षा 09वीं से 12वीं में एनसीईआरटी/एससीईआरटी की पुस्तकों को लागू किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है, जबकि कक्षा 01 से 8 वीं तक के लिये इन विद्यालयों में एनसीईआरटी/एससीईआरटी की पुस्तकें संचालित करने की सख्त सलाह दी गई है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 यथा संशोधित अधिनियम 2025 एवं इसके अंतर्गत नियम 2020 के नियम 6(1)(ग) में प्रावधान किया गया है कि "निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा पाठ्य पुस्तकों का निर्धारण ऐसे सम्बद्धता बोर्ड अथवा परीक्षा निकाय के विनियमों के अनुसार किया जाएगा, जिससे कि वह सम्बद्ध है" जिले के 189 विद्यालयों द्वारा एनसीईआरटी/एससीईआरटी की पुस्तकें लागू किये जाने की लिखित सहमति पुस्तकों की सूची के साथ प्राप्त हो जाने पर जिला समिति के माध्यम से इनके अनुमति आदेश भी जारी किये जा चुके हैं। दमोह जिले में संचालित 77 निजी विद्यालय ऐसे हैं जिनके द्वारा इस आशय का लिखित प्रस्ताव दिया गया है कि वे एनसीईआरटी/एससीईआरटी के अतिरिक्त कतिपय कक्षाओं के लिये निजी प्रकाशकों की पुस्तकें भी आगामी सत्र 2026-2027 से लागू करना चाहते हैं। इसी अनुक्रम में कलेक्टर एवं जिला समिति अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में निजी विद्यालय प्राचार्य/प्रधानाध्यापकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई । बैठक में निजी विद्यालयों द्वारा निजी प्रकाशकों की पुस्तकें लागू करने के संबंध में तर्क दिये गये, निजी विद्यालयों द्वारा यह तर्क भी दिया गया कि उनके आकलन अनुसार एनसीईआरटी / एससीईआरटी की पुस्तकों की शैक्षणिक गुणवत्ता वर्तमान समय की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता पर खरी नहीं उतरती है किन्तु इस संबंध में मांगे जाने पर निजी विद्यालय कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके कि उन्होंने यह आंकलन किस प्रकार किया है और इसका क्या ठोस आधार है? उल्लेखनीय है कि एनसीईआरटी/ एससीईआरटी की पुस्तकें बाल मनोविज्ञान के गहन शोध और विश्लेषण के आधार पर निर्मित की गई हैं और इसके तथ्यात्मक प्रमाण भी उपलबध हैं किन्तु निजी प्रकाशकों की पुस्तकें गुणवत्ता के मापदण्ड पर खरी उतरती हैं या नहीं इस बारे में निजी विद्यालय कोई ठोस प्रमाण उपलब्ध नहीं करा सके। विगत शैक्षणिक वर्ष में कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला समिति से चर्चा उपरांत बनी सामूहिक सहमति के आधार पर निजी विद्यालयों द्वारा सभी कक्षाओं के लिए एनसीईआरटी/एससीईआरटी की पुस्तकें लागू की गई थीं किन्तु विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकगणों को यह प्रतीत होता है कि शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान प्रतियोगी वातावरण एवं व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास एवं तार्किक बुद्धिमत्ता में वृद्धि हेतु एनसीईआरटी/एससीईआरटी के अतिरिक्त अन्य पुस्तकों का पढ़ाया जाना आवश्यक है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक एनसीईआरटी/ एससीईआरटी की पुस्तकें एवं पाठयक्रम ही संचालित किया जा रहा है । उपरोक्त समस्त कारणों को आधार बनाकर निजी विद्यालयों द्वारा अनुरोध किया गया कि उनके प्रस्ताव को यथावत स्वीकार किया जावे। एक विद्यालय सेंट जॉन्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल दमोह द्वारा समिति के समक्ष कक्षावार अभिभावकों के सहमति हस्ताक्षर संबंधी दस्तावेज अवलोकन कराये गये जिनमें अभिभावकों द्वारा कतिपय कक्षाओं के कतिपय विषयों के लिये निजी प्रकाशकों की पुस्तकों को लागू किये जाने के संबंध में लिखित सहमति दी गई है। विद्यालय प्रबंधन को समिति द्वारा उक्त दस्तावेजों की मूल प्रतियां उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

# सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के लिये बैठक आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं मासिक ग्रेडिंग की समीक्षा के लिए 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक क्रमवार समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जानकारी देते हुए बताया कि ये बैठकें संयुक्त कलेक्टर राकेश सिंह मरकाम की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि संबंधित विभागों के एल-1 एवं एल-2 अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 01 अप्रैल को खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, अनुसूचित जाति कल्याण, जनजातीय कार्य एवं पिछड़ा वर्ग विभाग, 02 अप्रैल को राजस्व, सामान्य प्रशासन, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, 06 अप्रैल को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, वित्त विभाग, 07 अप्रैल को महिला एवं बाल विकास, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, 08 अप्रैल को नगरीय विकास एवं आवास, श्रम, सामाजिक न्याय एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग 09 अप्रैल को स्कूल शिक्षा, परिवहन विभाग, 10 अप्रैल को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, वाणिज्यिक कर, उच्च शिक्षा, सहकारिता, लोक निर्माण, खनिज एवं पशुपालन विभाग की शिकायतों की बिंदुवार एवं विस्तृत समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे लंबित शिकायतों की पूर्ण जानकारी के साथ संबंधित अधिकारियों की निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि शिकायतों का शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण किया जा सके।

## जबेरा मंडी में हुई भावांतर भुगतान की समीक्षा बैठक

**जबेरा**/कृषि उपज मंडी समिति जबेरा में एसडीम श्री सी जी गोस्वामी की अध्यक्षता में दिनांक 31 मार्च को भावन्तर भुगतान योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन मंडी समिति जबेरा में किया गया जिसमें जबेरा एवम सिंगरामपुर क्षेत्र के व्यापारी सम्मलित हुए बैठक में एस डी एम महोदय के द्वारा उपस्थित सभी व्यापारियों को निर्देश दिए गए कि शासन की गाइड लाइन के अनुसार ही सरसो की खरीदी की जाबे । किसी भी हालत में किसान का माल ही लिया जावे । यदि किसी भी व्यापारी द्वारा गलत तरीके से किसी भी व्यापारी की खरीदी की गई तो उसके ऊपर कठोरतम कार्यवाही की जावेगी ,इस संबंध में इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोई भी अनियमित या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी। बैठक के उपरांत एसडीएम महोदय ने मंडी में खरीदी हेतु की गयी व्यवस्थाओ का जायजा लिया और की गई व्यवस्थाओं पर संतोष प्रकट किया । उक्त अवसर पर मंडी सचिव चाली राजा, लक्ष्मण राय ,बसंत खरे , जयंत केशरवानी , आनद प्रताप ,रामदास ,शिवराम आदि के साथ व्यापारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिती रही ।

## सोनेलाल रजक हुए सेवानिवृत्त



**हटा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा में 43 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने के उपरान्त अर्ध वार्षिकी आयु पूर्ण करने पर 31 मार्च को कार्यालय सहायक सोनेलाल रजक सेवानिवृत्त हुए संस्थान में उनकी सेवा निवृत्ति एवं सम्मान समारोह का आयोजन प्राचार्य आरपी विश्वकर्मा की अध्यक्षता में वरिष्ठ व्याख्याता ए के सिंह, विजय बहादुर सिंह,उमा सोनकिया, गोविंद सोनी, सुरेंद्र नेमा की उपस्थिति में आयोजित किया गया जिसमें जिला शिक्षा एवं संस्थान के सभी छात्राध्यापक एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा प्राचार्य विश्वकर्मा ने सोनेलाल रजक के कार्य की प्रशंसा करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। वरिष्ठ व्याख्याता एके सिंह ने उनकी सरलता एवं सहजता याद किया। व्याख्याता विजय बहादुर सिंह,उमा सोनकिया ने सोनेलाल की समयबद्धता की प्रशंसा करते हुए इसे प्रेरणास्पद बताया।

**एकादशी पर हजारों भक्तों ने लगाई अर्जी....**

# माँ कलेही दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



समीपी ग्राम रसीलपुर में एकादशी तिथि पर माँ कलेही के पावन दरबार में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। नवरात्रि समापन के बाद आयोजित इस विशेष अवसर पर क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा, जिससे पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। एक ओर जहां ग्राम में स्थापित जवारों का विधि-विधान से पूजन किया गया, वहीं पूरे गांव से जवारों को श्रद्धापूर्वक माँ कलेही के दरबार में अर्पित किया गया। इसके पश्चात सभी जवारों का सामूहिक पूजन कर भक्तों ने माता रानी के समक्ष अपनी-अपनी अर्जी लगाई और सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नवरात्रि के समापन उपरांत एकादशी की रात्रि में जो भी भक्त सच्चे मन से माँ कलेही के दरबार में मन्नत मांगता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। इसी आस्था के चलते देर रात तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। इस दौरान आसपास के गांवों के अलावा कटनी, जबलपुर, सागर, पन्ना और छतरपुर सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माता के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करते रहे। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और जयकारों से माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। पूरे आयोजन के दौरान ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा, जिन्होंने व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। रसीलपुर में आयोजित यह धार्मिक आयोजन न केवल आस्था का केंद्र बना, बल्कि क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार भी करता नजर आया।

## डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह समिति की बैठक संपन्न

**दमोह।** प्रतिवर्ष अनुसार आगामी 14 अप्रैल 2026 को संविधान के निर्माता विश्वरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जन्म जयंती की तैयारियों को लेकर कचौरा मार्केट स्थित अम्बेडकर सामुदायिक भवन में आयोजन समिति के अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी की अध्यक्षता में सामाजिक रायशुमारी बैठक संपन्न हुई। जयंती की पूर्व संध्या 13 अप्रैल 2026 को विशाल वाहन रैली तहसील ग्राउंड में एकत्रित होकर शहर भ्रमण करेगी वाहन रैली की अध्यक्षता अरविंद चौधरी करेंगे। 14 अप्रैल 2026 को भव्य शोभा यात्रा का आयोजन होगा समस्त वार्ड वस्तियों से आने वाले जुलूस व शोभायात्रा तहसील ग्राउंड में शाम 4 बजे एकत्रित होकर शोभायात्र शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली जाएगी। बैठक में प्रताप रोहित, भगवान दास चौधरी, हेतराम आदर्श, कृष्णा राज, प्यारेलाल भारती, सुरेश रोहित, डी.के धर्मेंद्र रोहित, हिम्मत भारती, मोहन आदर्श, पप्पू कसौटिया, गणेश जाटव, तरुण अहिरवार, अरविंद चौधरी, संजय रोहितास, धीरज कुमार, नवीन बौद्ध, नरेंद्र अहिरवार, टी आर जाटव, मोहनीश राव, के.के वर्मा, प्रकाश लारिया, सुबोध राही, अजय राज, एवं अनेक सामाजिक गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

## ब्लॉक कांग्रेस ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**पथरिया।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी प्रदेश एवं जिला कॉग्रेस कमेटी के आवाहन पर पथरिया शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा गया। विधुत वितरण कंपनी द्वारा बिजली बिलों में वृद्धि और किसानों की समस्याओं का उल्लेख किया गया।

# सरदार एकता यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

रियासतों के विलीनीकरण के प्रणेता और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही 'सरदार एकता यात्रा' का मंगलवार को हटा आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत किया गया। अजब धाम से होते हुए जब यह रथ नगर की सीमाओं में प्रविष्ट हुआ, तो वातावरण 'जय सरदार, सबके सरदार' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। कुर्मी पाटीदार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीषभाई पटेल के मार्गदर्शन में और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया यह रथ किसी चलते-फिरते संग्रहालय से कम नहीं है। बुलेटप्रूफ कांच के बक्से में सुरक्षित सरदार पटेल द्वारा प्रयुक्त लोटा, उनकी चरण पादुकाएं, ग्वालियर नरेश द्वारा प्रदत्त रजत अभिनंदन पत्र, उनका टिफिन और घड़ी श्रद्धा का केंद्र बने रहे। विशेष आकर्षण का केंद्र भावनगर के महाराजा कृष्ण कुमार सिंह द्वारा भेंट किया गया 2 किलो 900 ग्राम स्वर्ण निर्मित अशोक चक्र स्तंभ रहा जिसे देख कर नागरिक अभिभूत हो उठे।



### पुष्प वर्षा और आत्मीय स्वागत

यात्रा का प्रथम भव्य स्वागत पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण बडडा के आवास पर किया गया, जहाँ अतिथियों का सत्कार भोज के साथ हुआ। तत्पश्चात, सिविल कोर्ट के समीप माँ जानकी कॉम्प्लेक्स के संचालक राजू लंबरदार एवं क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कुर्मी पाटीदार महासभा के अध्यक्ष मनुभाई पटेल एवं गुजरात से पधारीं अनीतावेन पटेल व गोवर्धन भाई पटेल ने बताया कि इस यात्रा का मूल उद्देश्य सरदार पटेल के उस विराट व्यक्तित्व से नई पीढ़ी को परिचित कराना है, जो किसी एक वर्ग या जाति के नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के थे। यह यात्रा सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय अखंडता का जीवंत संदेश दे रही है।

इस गौरवमयी अवसर पर जनपद अध्यक्ष के अलावा खिलान सिंह पटेल, लीलाधर पटेल, चौधरी रविंद्र सिंह, राजबहादुर पटेल, हरिनारायण चौकर या,गोपाल पटेल,गोविंद पटेल, प्रताप पटेल,उदयभान पटेल, रामकुमार पटेल, नेतराम पटेल, देवेश खरसौल्या, राजेश ताम्रकार, गौरव सिंघई, ज्वाला प्रसाद मिश्रा, खूबलाल पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व शहरी जन

# सरकार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन हुआ उग्र, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जबेरा के द्वारा प्रदेश में बढ़ती महंगाई गैस सिलेंडर की किल्लत,पेट्रोल पंप पर डीजल पेट्रोल का न मिलाना, बिजली की दरों में वृद्धि आदि क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जबेरा के ब्लॉक अध्यक्ष ओपी शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक रैली निकालते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर के महा महिम राज्यपाल के नाम नायाब तहसीलदार जबेरा को ज्ञापन सौंपते हुए सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला। ज्ञापन में कहा गया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई/आपूर्ति बाधित है जिससे जबेरा नगर एवं आसपास के पूरे क्षेत्र की ग्रामीण जनता अत्यधिक परेशान है। वही इस सरकार ने गैस की कीमतों में भी भारी वृद्धि कर दी है, बिजली दरों में भी बढ़ोतरी हो गई है जिससे बढ़ती हुई महंगाई ने आम नागरिकों की कमर तोड़ दी है , वहीं पेट्रोल डीजल की कमी से भी प्रदेश की हालत बिगड़ती जा रही है।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किसानों की समस्या को उठाते हुए कहा है कि किसान की फसल कटाई से पहले ही बिजली विभाग के द्वारा बिजली के बिलों की जबरन वसूली की जा रही है जो की किसानों के साथ घोर अन्याय है । ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि किसानों की फसल की कटाई पूरी होने तक किसानों को राहत दी जाए। इस दौरान कई कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे जिनमें प्रमुख रूप से गोविंद तिवारी ,अखिलेश सोनी, ओंकार पटेल ,भागवत धनगर, भल्लू घोसी ,प्रवीण राय, जवाहर सिंह लोधी ,बाली ठाकुर, दिनेश घोषी ,दया प्रधान एवं दिनेश झरिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ओपी शर्मा ने चेतावनी दी है कि यदि वर्तमान सरकार के द्वारा आम जन की परेशानियों का जल्दी ही समाधान नहीं किया जाता है तो कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को व्यापक आंदोलन करने मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञात हो कि जबेरा में अब महंगाई के मुद्दे पर सियासत गरमाने लगी है एवं आने वाले दिनों में यह आंदोलन बड़ा रूप ले सकता है।

## अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए आवेदन शुरू

**दमोह ।** दमोह सहित मध्य प्रदेश के युवाओं के लिए भारतीय सेना में शामिल होने का सुनहरा अवसर आया है। भारतीय सेना द्वारा अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि 10 अप्रैल 2026 तक बढा दी गई है। साथ ही ऑनलाइन परीक्षा (संभावित, ऑनलाइन परीक्षा की निश्चित तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी, इसके लिए पर जानकारी प्राप्त की जा सकेगी): 01 जून से 15 जून 2026 तक होगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि समय-समय पर आधिकारिक वेबसाइट पर अपडेट चेक करते रहें। मध्यप्रदेश में अशोकनगर, बैतूल, भोपाल, छिंदवाड़ा, दमोह, गुना, हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, पन्ना, रायसेन, राजगढ़, सीहोर एवं विदिशा जिलों के स्थायी निवासी आवेदन कर सकते हैं।

## धरती की कोख न जलाएं

**दमोह।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत मिट्टी की सेहत सुधारने के लिए प्रगतिशील किसान हेमंत पटेल ने ग्राम सदगुवां और बम्हौरी में किसानों को नरवाई (फसल अवशेष) न जलाने का संकल्प दिलाया। श्री पटेल ने इस दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए ग्राम सदगुवां को 'जीरो बर्निंग जोन' (शून्य नरवाई दहन) बनाने के लिए गोद लिया है। उन्होंने कहा ₹नरवाई जलाना, अपनी ही धरती माँ की कोख जलाने जैसा है।₹ इस मुहिम के तहत किसानों को अवशेषों से भूसा बनाने और आधुनिक मशीनों (जैसे हैप्पी सीडर) के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि मिट्टी की सेहत बनी रहे और पशुओं को चारा मिल सके। और किसान भाई नरवाई से भूसा बनाकर अतिरिक्त आय भी ले सकते हैं ।

# समाज की एकजुटता का संदेश बना महामिलन, सहयोगियों का भव्य सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव अंतर्गत आयोजित भव्य शोभायात्रा में सहयोग प्रदान करने वाले समस्त धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के सम्मानार्थ जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह द्वारा श्री दिगम्बर जैन पंचायत दमोह के मार्गदर्शन एवं सहयोग से एक गरिमामयी एवं भव्य महामिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन समाज की एकता, समर्पण, सहयोग एवं संगठन शक्ति का सजीव उदाहरण बनकर उभरा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रारंभ से ही पूरे वातावरण में धार्मिकता, उत्साह एवं अपनत्व की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही थी।

इस अवसर पर जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह द्वारा शोभायात्रा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सभी पाठशाला समितियों, महिला मंडलों एवं मंदिर समितियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान सभी संगठनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके समर्पण को सराहा गया।

कार्यक्रम में श्री दिगम्बर जैन पंचायत दमोह के अध्यक्ष सुधीर जैन सिंघई, उपाध्यक्ष मीनू मनोज जैन, महामंत्री पदम जैन, मंत्री मुकेश जैन, जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर. के. जैन, क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं महोत्सव संयोजक दिलेश जैन चौधरी, कार्यक्रम संयोजक सुधीर जैन "डब्लू" सहित अनेक गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का संचालन सुनील जैन वेजिटेरियन ने सहज एवं प्रभावी शैली में किया। वहीं आभार प्रदर्शन जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह के मंत्री महेंद्र जैन सोमखेड़ा द्वारा किया गया।

वक्ताओं के प्रेरणादायी उद्बोधन सुधीर जैन डब्लू (कार्यक्रम संयोजक) ने अपने उद्बोधन में कहा कि "महामिलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने का माध्यम है। जब सभी संगठन एक मंच पर आकर सहयोग की भावना से कार्य करते हैं, तब समाज में सकारात्मक परिवर्तन और सशक्त संगठन का निर्माण होता है। जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा का उद्देश्य सदैव समाज को जोड़ना और आगे बढ़ाना रहा है। दिलेश जैन चौधरी (महोत्सव संयोजक) ने कहा कि "भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव की सफलता में महिला मंडलों, पाठशालाओं एवं सभी धार्मिक-सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। एक सूचना पर सभी का तत्पर सहयोग समाज की जागरूकता, एकजुटता और समर्पण का परिचायक है। उन्होंने गौशाला, सेवादल, मित्र मंडल, विद्या सुधा व्यायामशाला एवं जैन मिलन की विभिन्न शाखाओं के योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया। सुधीर जैन सिंघई (अध्यक्ष, श्री दिगम्बर जैन पंचायत दमोह) ने अपने संबोधन में कहा कि जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह समाज की अत्यंत सक्रिय एवं जागरूक इकाई है, जो निरंतर धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्यों के माध्यम से समाज को संगठित करने का कार्य कर रही है। ऐसे आयोजन समाज में नई ऊर्जा, प्रेरणा और आपसी विश्वास को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में आयोजित आकर्षक प्रस्तुतियों एवं सहभागिता के आधार पर परिणाम घोषित किए गए महिला मंडल वर्ग मेंः प्रथम – पलंदी मंदिर महिला मंडल, द्वितीय – जिनवाणी महिला मंडल, नेमीनगर कॉलोनी, तृतीय – सिंघई मंदिर महिला मंडल, पाठशाला प्रदर्शन मेंःप्रथम – शिवनगर मंदिर पाठशाला, द्वितीय – नेमीनगर मंदिर पाठशाला, तृतीय – तारण तरण जैन पाठशाला रही। कार्यक्रम में महिला परिषद से श्रीमती रोहिणी जैन, श्रीमती मोनिका सेठ, वीर बंधुओं में अरुण जैन कोटे, संजय सराफ, शैलेन्द्र ममूर, संजीव शाकाहारी, विकल्प जैन, महेंद्र जैन सोमखेड़ा, सौरभ जैन महिन्डा, विनय जैन, जवाहर जैन, सुबोध बजाज, सचिन जैन, अशोक जैन (धस्पीटल), जिनेन्द्र मंडल, विवेक डवल्या, राजेश ओशो, आनंद जैन (BSNL), अवध जैन, सुनील जैन, संदीप मोदी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। वरिष्ठ शाखा के अध्यक्ष संतोष जैन, एम.एल. जैन, नगर शाखा से सुप्रिया जैन, समीक्षा बजाज, वंदना सराफ, श्रीमती डाली जैन, निधि जैन (सिंघई मंदिर मिलन), प्राची उस्ताद सहित बड़ी संख्या में सदस्य शामिल हुए। इसके अतिरिक्त 18 महिला मंडल, जैन मिलन की 8 शाखाएं, 14 पाठशाला समितियां एवं सभी मंदिर समितियों की उल्लेखनीय एवं सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। यह महामिलन कार्यक्रम न केवल सम्मान का मंच बना, बल्कि समाज की एकता, सहयोग, समर्पण एवं संगठन शक्ति को और अधिक सुदृढ़ करने का प्रेरणादायी माध्यम सिद्ध हुआ।

## अवैध गांजा मामले में तीन वर्ष की सजा

**दमोह।** न्यायालय अमर गोयल, विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट की अदालत ने आरोपी प्रहलाद पटेल को धारा 20(बी)(ii)(सी) एनडीपीएस एक्ट में 3 वर्ष की अवधि का कठोर कारावास एवं 10000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया.अभियोजन की ओर से पैरवी धर्मेन्द्र सिंह तारन सहायक निदेशक अभियोजन के नेतृत्व में विशेष लोक अभियोजक सविता बजाज द्वारा की गई। घटना का संक्षिप्त-पुलिस थाना नोहटा, जिला दमोह में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक एस.एस. दुबे जप्तीकर्ता अधिकारी को 14 नवम्बर 2021 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम मियाना का प्रहलाद पटैल, अपने गांव के साथी नीलेश साहू व भगवत आदिवासी के साथ अलग-अलग बैगों में उड़ीसा से गांजा खरीदकर सारनाथ ट्रेन में बैठकर कटनी से किसी वाहन से दमोह तक साथ आया है और दमोह से तीनों अलग-अलग जगह गांजा बेचने निकले है तथा प्रहलाद पटैल दमोह से एक ट्राली बैग में गांजा लिये नोहटा तरफ आकर नोहटा पुल पर किसी व्यक्ति को गांजा विक्रय करने की फिराक में खड़ा है. मुखबिर के बताये स्थान व्यारमा नदी पुल नोहटा से हमराही स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर प्रहलाद पटैल, निवासी ग्राम भियाना, थाना बटियागढ़, जिला दमोह के एक ट्राली बैग में खाकी रंग के कागज के पैकिटों में करीब एक किलो के पांच पैकेट गुलाबी, लाल व संतरे रंग की साड़ियों के टुकड़ों में लिपटे प्राप्त होने पर उन्हें खोलकर पदार्थ को समरस किया गया.. उक्त पैकेटों में नमीयुक्त कुल 04 किलो 900 ग्राम गाजा जैसा मादक पदार्थ रखा होना पाया गया. अभियुक्त से उक्त मादक पदार्थ रखने का लायसेंस पूछे जाने पर लायसेंत नहीं होना बताया. संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8 व 20 के अंतर्गत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. न्यायालय में आई साक्ष्य और अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्कों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी प्रहलाद पटेल को धारा 20(बी)(ii)(सी) एनडीपीएस एक्ट में 3 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10,000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

## आरक्षक पर हमला करने वाले को 7 साल की सजा

**दमोह।** न्यायालय जितेन्द्र नारायण सिंह चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश दमोह ने एक बहुचर्चित मामले में निर्णय पारित करते हुये आरोपी को 7 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है. मामले के बारे में जानकारी देते हुये अपर लोक अभियोजक गिरीश राठौर ने बताया कि 14 मार्च 2025 को थाना कोतवाली अंतर्गत चैनपुरा मुहल्ले में होलिका दहन का कार्यक्रम चल रहा था, उसी दौरान थाना कोतवाली के आरक्षक रानू राय व आरक्षक राजेश गौड़ अपने कर्तव्य के निर्वहन में रात्रि गश्त पर थे. जब दोनों आरक्षक चैनपुरा वार्ड में पहुंचे तो पुलिस आरक्षकों के द्वारा वहां पर उपस्थित व्यक्तियों से शांतिपूर्वक होलिका दहन के लिये कहा गया। तब चैनपुरा वार्ड निवासी सूरज अहिरवार नामक व्यक्ति हाथ में त्रिशूल लेकर आया और आरक्षक राजेश गौड़ को जान से मारने की नियत से पीछे उसके सिर पर वार किया. जिससे आरक्षक राजेश गौड़ को गंभीर चोट आई. उक्त मामले में थाना कोतवाली में सूरज अहिरवार पर मामला पंजीबद्ध किया गया था, जिसका विचारण 1 वर्ष की अवधि में पूर्ण करते हुये न्यायालय के द्वारा उक्त निर्णय पारित करते हुये आरोपी सूरज अहिरवार को 7 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया है. मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक गिरीश राठौर के द्वारा की गई।

## 33 केवी लाइन की चपेट में आया ट्रैक्टर, लगी भीषण आग

### ग्रामीणों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम गूढ़ा में लापरवाही की एक बड़ी घटना सामने आई, जहां गेहूं से लदे ट्रैक्टर में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि ग्रामीणों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया, वरना नुकसान कहीं अधिक गंभीर हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर खेत से गेहूं लेकर गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही 33 केवी विद्युत लाइन के नीचे झूलते तारों की चपेट में आ गया। तारों के संपर्क में आते ही ट्रैक्टर में चिंगारी उठी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण तुरंत हरकत में आए और पास के मोटर पंप चालू कर आग बुझाने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि ट्रैक्टर में लदी गेहूं की फसल का कुछ हिस्सा जलकर खाक हो गया।

### विद्युत विभाग पर लापरवाही के आरोप

घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उनका आरोप है कि 33 केवी लाइन के तार लंबे समय से नीचे झूल रहे हैं, जिसकी कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। ग्रामीणों का कहना है कि मेंटेनेंस के नाम पर सिर्फ औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं, जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं।

### किसी भी वक्त हो सकता है बड़ा हादसा

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही विद्युत लाइन की मरम्मत नहीं कराई गई, तो भविष्य में इससे भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेकर जिम्मेदारों पर कार्रवाई और लाइन दुरुस्त कराने की मांग की है।

## तेंदूखेड़ा में पटवारी संघ का प्रदर्शन

### लंबित भुगतान को लेकर जताया आक्रोश



**तेंदूखेड़ा।** स्वामित्व योजना के अंतर्गत किए गए कार्यों के भुगतान में हो रही देरी को लेकर तेंदूखेड़ा के पटवारी संघ में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लंबे समय से मानसिक प्रताड़ना और उपेक्षा का सामना कर रहे पटवारियों ने अब खुलकर विरोध जताया है। संघ ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी समस्याएं रखीं और शीघ्र भुगतान की मांग की। पटवारी संघ के अनुसार पंचायत राज्य संचालनालय, भोपाल के 17 जुलाई 2021 के आदेश के तहत गांवों में ड्रोन सर्वे, सीमांकन तथा अभिलेख सुधार का कार्य हल्का पटवारियों को सौंपा गया था। इस कार्य के लिए सामग्री व्यय एवं अभिलेखीय कार्य हेतु निर्धारित राशि का भुगतान ग्राम पंचायतों के माध्यम से किया जाना था। पटवारियों ने पूरी जिम्मेदारी के साथ यह कार्य समय सीमा में पूरा किया, यहां तक कि तेंदूखेड़ा तहसील ने जिले में प्रथम स्थान भी प्राप्त किया। इसके बावजूद आज तक संबंधित पटवारियों को उनके कार्य का भुगतान नहीं किया गया है। संघ का आरोप है कि कार्य में देरी होने पर विभाग द्वारा नोटिस जारी किए जाते हैं, लेकिन कार्य पूर्ण होने के बाद भुगतान के मामले में अधिकारियों द्वारा उदासीनता बरती जा रही है। संघ ने यह भी बताया कि जिले की अन्य तहसीलों—हटा, पथरिया, बटियागढ़ और जबेरा—में इसी कार्य का भुगतान किया जा चुका है, जिससे तेंदूखेड़ा के पटवारियों में असंतोष और बढ़ गया है। पटवारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही भुगतान नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे। उनका कहना है कि यह केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि उनके सम्मान और अधिकारों से भी जुड़ा हुआ विषय है। प्रशासन से इस मामले में शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

## ससुराल जाते समय हुआ युवक दुर्घटनाग्रस्त

**तेंदूखेड़ा।** ग्राम पांजी के पास दमोह तेंदूखेड़ा मार्ग पर शाम 5 बजे हरई रिछयाई तेजगढ़ निवासी दिनेश पिता बलई गौड़ 30 का एक्सीडेंट हो गया जबलपुर से वापिस दमोह पेंशेंट छोड़कर जा रही 108 के चालक भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ईएमटी अरविंद अहिरवार ने जब सडक पर भीड़ लगी देखी तो वाहन को रोककर घायल दिनेश को तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आएं। जहां पर हाथ पैर में गंभीर चोटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडीकल कालेज रेफर किया गया हैं। दिनेश के मौसा ने बताया कि वह अपनी ससुराल कुदपुरा जा रहा था तभी रास्ते में एक्सीडेंट हो गया।

## आज राज्यमंत्री दो ग्रामों में करेंगे भूमि पूजन

**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी 01 अप्रैल (बुधवार) को तेंदूखेड़ा जनपद क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यमंत्री श्री लोधी दो ग्रामों में सामुदायिक भवनों के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यमंत्री श्री लोधी दोपहर 3:30 बजे अपने निज निवास नोहटा से ग्राम डुकरसता, ग्राम पंचायत बगदरी जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे। वे शाम 4:15 बजे डुकरसता पहुंचकर सामुदायिक भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात वे शाम 05 बजे डुकरसता से ग्राम खमरिया कला जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के लिए रवाना होंगे। यहां शाम 5:20 बजे सामुदायिक भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लेंगे। उपरांत शाम 06 बजे खमरिया कला से नोहटा के लिए प्रस्थान करेंगे तथा शाम 07 बजे अपने निज निवास पहुंचेंगे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण मंत्री धर्मेंद्र सिंह हुए सम्मिलित



**जबेरा।** जबेरा नगर के सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल में भाजपा का विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें जबेरा विधानसभा अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मंडल सिंग्रामपुर, जबेरा एवं तेंदूखेड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 का आयोजन किया गया जिसमें मंडलों के बूथ अध्यक्षों सहित कार्यकर्ता प्रशिक्षित हो रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री श्याम शिवहरे जी, स्थानीय विधायक एवं मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी जी रहे। इस आयोजन में कुल छः सत्रों का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ताओं के रूप में अनिल मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा, संजय सेन, मनीष तिवारी, अरुण तिवारी, हरिश्चंद्र पटेल मनीष सोनी,संजय नामदेव,रुपेश सेन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया और संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। सभी प्रवर्तकों ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा सिद्धांतों संगठनात्मक संरचना के बारे में जानकारी दी। साथी ही सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आवाहन किया प्रशिक्षण वर्ग के दौरान विभिन्न सत्रों में पार्टी के इतिहास संगठन की कार्य प्रणाली, बूथ प्रबंधन ,सोशल मीडिया की भूमिका एवं चुनावी रणनीति पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जबेरा मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, सिंग्रामपुर मंडल अध्यक्ष मंदीप यादव, तेंदूखेड़ा मंडल अध्यक्ष संतकुमार सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह सहित विभिन्न मंडलों से पधारे बूथ अध्यक्षों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## बिजली सुधार कार्य के दौरान पोल से गिरे आउटसोर्स कर्मचारी की मौत

**दमोह।** बिजली सुधार कार्य के दौरान एक आउटसोर्स कर्मचारी की पोल से नीचे गिरकर दर्दनाक मौत हो जाने का दुखद घटनाक्रम सामने आया है। बताया जा रहा है कि विद्युत सुधार कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा किट इत्यादि के बिना ही कर्मचारी पोल पर चढ़कर कार्य कर रहा था। ऐसे में कहा जा सकता है कि विभागीय लापरवाही के चलते एक गरीब कर्मचारी मौत के आगोश में समा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेरा थाना अंतर्गत बिला खुर्द गांव में सोमवार को बिजली विभाग का आउट सोर्स कर्मचारी ओमकार पटेल खंभे पर चढ़कर सुधार कार्य कर रहा था। इस दौरान वह अचानक नीचे गिरा और फिर दोबारा नहीं उठ सका। ओंकार करंट लगने की वजह से नीचे गिरा अथवा हाथ या पैर स्लिप होने की वजह से नीचे गिरा इसका पता नहीं लग सका है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद बेहोशी की हालत में गंभीर दशा में प्राइवेट वाहन से ओंकार को दमोह ले जाया गया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। जिला अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर द्वारा ओमकार को मृत घोषित कर दिया गया। इस दौरान जेई नीरज नामदेव के भी साथ में अस्पताल पहुंचाने की जानकारी सामने आई है लेकिन उनका पक्ष फिलहाल नहीं मिल सका है। इस दुखद दर्दनाक घटनाक्रम से युवा आउटसोर्स कर्मचारी के परिजनों का जहां रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है वहीं विभागीय कर्मचारियों के बीच भी मातम पसरा हुआ है। वही बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी में बिजली कंप्लेंट की संख्या में वृद्धि के बावजूद कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए अधिकारियों की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है वहीं पर्याप्त सुरक्षा उपकरण आदि भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहे हैं जिस वजह से गरीब कर्मचारी हादसे का शिकार होकर उसमें कल के गाल में समा रहे हैं।

## जबेरा में मंत्री लोधी ने दी विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



विधानसभा क्षेत्र जबेरा की विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह के द्वारा इस समय विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गंगा बहाई जा रही है उसी क्रम में मंगलवार दिनांक 31 मार्च 26 को माननीय मंत्री जी के द्वारा विधानसभा क्षेत्र जबेरा अंतर्गत मंडल बनवार के ग्राम परस्वाहा में 24.99 लाख रुपये से निर्माण होने वाले टीन शेड एवं का स्थानीय विधायक एवं मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने भूमिपूजन कर ग्राम वासियों सौगात दी इसके पश्चात मंत्री लोधी ग्राम पंचायत पटी नंदलाल के ग्राम शालापटी पहुंचे जहां उन्होंने खेल माता मन्दिर परिसर में 24.99 लाख रुपये की लागत से निर्माण होने वाले टीन शेड का भूमिपूजन कर 11.24 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण किया। मंत्री श्री लोधी कहां कि निश्चित ही इनके निर्माण से धार्मिक आयोजनों सहित पारिवारिक आयोजनों को व्यवस्थित करने में की सुविधाएं प्राप्त। इस अवसर पर अत्योष्टि सहायता की राशि एवं प्रधानमंत्री आवास, लाडली लक्ष्मी, संबल कार्ड राशि स्वीकृत होने पर प्रमाण पत्र हितग्राहियों को प्रदान किए हैं। हमारी भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार निरंतर विकास कार्यों को लेकर कार्य कर रही है। हमारा संकल्प है कि विधानसभा को हम प्रदेश में क्रमांक 1 की विधानसभा बनायेंगे जिसके लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बनवार मंडल अध्यक्ष रिंकू,मुलु सिंह जी, परस्वाहा सरपंच किशोर सिंह,पटी सरपंच देवी सिंह, नर्मदा प्रसाद राय अमन जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।

## समग्र शिक्षा अभियान में प्रतिनियुक्ति की विसंगतियों से बिगड़ रही शिक्षण व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला शिक्षा केंद्र दमोह में कार्यरत एपीसी, बीएसी और जनशिक्षकों की वेतन व्यवस्था और प्रतिनियुक्ति में हो रही अनियमितताओं को लेकर शिक्षक संगठन ने मोर्चा खोल दिया है। जिला सचिव प्रमेन्द्र कुमार जैन एवं जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार सेन ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र सौंपकर लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की मांग की है। संगठन ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि नियमानुसार समग्र शिक्षा अभियान के तहत कार्यरत इन शिक्षकों का वेतन इसी अभियान के मद से होना चाहिए। किंतु, वर्तमान में इनका वेतन इनके मूल विद्यालयों या संकुल केंद्रों से आहरित किया जा रहा है। इस कारण तकनीकी रूप से उन स्कूलों के पद 'भरे हुए' दिखाई देते हैं, जिससे वहां अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। रिक्त पदों पर भर्ती न होने से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों का शिक्षण कार्य सीधे तौर पर प्रभावित हो रहा है। शिक्षक नेताओं का आरोप है कि वर्तमान में बीआरसी स्तर के आदेशों पर कई ऐसे अपात्र शिक्षक बीएसी और जनशिक्षक के पदों पर काबिज हैं, जो नियमों के विपरीत दो-दो जगहों का कार्यभार संभाल रहे हैं। संगठन के अनुसार, शिक्षक का कार्य पूर्णकालिक होता है, लेकिन इस दोहरी व्यवस्था के कारण न तो प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से हो पा रहा है और न ही स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता बनी रह पा रही है। पारदर्शी काउंसलिंग और मूल शाला वापसी की मांग छात्र हित का हवाला देते हुए संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि नियम विरुद्ध संलग्नीकरण के आदेश तत्काल निरस्त कर शिक्षकों को उनकी मूल शाला भेजा जाए। सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत रिक्त पदों पर शीघ्र पारदर्शी काउंसलिंग आयोजित कर योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो शैक्षणिक सत्र प्रभावित होने की जिम्मेदारी विभाग की होगी।

## नोहटा में शराब दुकान हटाने की मांग तेज: भगवती मानव कल्याण संगठन ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा/जबेरा

नोहटा गांव के बीच संचालित हो रही शराब दुकान को हटाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। इसी कड़ी में भगवती मानव कल्याण संगठन के पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपकर दुकान को गांव से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में नोहटा की शराब दुकान घनी आबादी के बीच संचालित हो रही है, जिससे आमजन को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। दुकान के आसपास महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल—खेर माता मंदिर मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित है, वहीं प्राचीन नोहलेश्वर मंदिर भी करीब 400 मीटर के दायरे में आता है। इसके अलावा हायर सेकेंडरी स्कूल भी नजदीक होने से विद्यार्थियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई गई है। संगठन के संभागीय अध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. सुजान सिंह ने कहा कि जिस स्थान पर शराब दुकान संचालित है, वह पूर्णतः रहवासी क्षेत्र है। यहां दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दुकान को गांव से कम से कम 1 किलोमीटर दूर स्थानांतरित किया जाए। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ने आश्वासन दिया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पहले ही कलेक्टर को पत्र भेजा जा चुका है और पुनः इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा, ताकि उचित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान दिनेश अहिरवार (ब्लॉक अध्यक्ष, जबेरा), राजेश सिंह (ब्लॉक अध्यक्ष, तेंदूखेड़ा), धीरज सिंह (जिला उपाध्यक्ष, दमोह), कुशल सिंह, वीरेंद्र सिंह, जगदीश यादव (ब्लॉक अध्यक्ष, किसान मोर्चा तेंदूखेड़ा) सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्रामीणों की चेतावनीः ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि यदि शीघ्र ही शराब दुकान को गांव से बाहर नहीं हटाया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने जेवरात व नकदी पर किया हाथ साफ

### 10 दिन के अंदर दूसरी चोरी की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 मैं सूने घर का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को रविवार सोमवार की दरमियानी अंजाम दिया गया है। चोरी होने के बाद सुबह जब उनके घर की ताला टूटे पाए गए तो इसकी जानकारी पुलिस को दी गई थी जब चोरी की घटना हुई तो परिवार भोपाल गया हुआ था। वार्ड क्रमांक 10 निवासी रुक्मणी पति विनोद तिवारी द्वारा घर में चोरी की घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया दिनांक 28 मार्च 2026 को शाम लगभग 6:00 बजे अपने परिवार सहित भतीजे के विवाह समारोह में शामिल होने हेतु भोपाल गई हुई थीं। दिनांक 30 मार्च 2026 को प्रातः लगभग 7:00 बजे मोहल्ले की लीला बाई लोधी ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनके घर का ताला खुला हुआ है। सूचना मिलने पर लीला बाई लोधी एवं उनकी जेठानी प्रेमरानी तिवारी घर के अंदर गईं, जहां उन्होंने घर में चोरी होने की पुष्टि की। इसके पश्चात फरियादिया अपने पति विनोद तिवारी के साथ उसी दिन शाम लगभग 6:30 बजे तेन्दूखेड़ा वापस पहुंचीं। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि गोदरेज अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था तथा अलमारी में रखा बैग एवं एक स्टील की छोटी पेटी गायब थी। उक्त बैग में सोने एवं चांदी के आभूषण रखे थे, जिनमें चांदी की बड़ी पायल, छह चांदी के लच्छे, एक चांदी की करधनी, तीन जोड़ी छोटी पायल, संतान साते की बीस चांदी की चूड़ियां, एक छोटी करधनी, दो जोड़ी चांदी की बिछिया तथा चार पुरानी सोने की लोंग शामिल थीं। इन आभूषणों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 80,000 रुपये बताई गई है। इसके अतिरिक्त स्टील की पेटी में रखी नगद राशि 13,000 रुपये भी चोरी हो गई। घटना के संबंध में नगर निरीक्षक रविंद्र बागरी का कहना है फरियादिया की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है तथा मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्र में पूछताछ एवं साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की जा रही है, साथ ही आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## 304 पेटी अवैध शराब के तीनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

थाना अंतर्गत नगर के वार्ड नं 02 में विगत दिनों एक मकान में पिक अप वाहन से पुलिस ने 304 पेटी अवैध शराब जब्त की गई थी जिसमें अब तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया, जब्त शराब की अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपियों को सागर जिले के अलग-अलग स्थानों से पकड़ा गया। थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जानकारी मिली कि एक पिकअप वाहन में बड़ी मात्रा में अवैध शराब लाई जा रही है। पुलिस ने वाहन का पीछा किया, जो वार्ड क्रमांक दो स्थित रेलवे पुलिया के पास एक सूने मकान में घुस गया। मौके पर पुलिस पहुंची तो एक युवक मकान का शटर बंद करने की कोशिश कर रहा था और पुलिस को देख भाग गया। तलाशी के दौरान मकान और छत से कुल 304 पेटी अवैध शराब बरामद की गई। इसके अलावा शराब की पैकिंग में इस्तेमाल स्टीकर और अन्य सामग्री भी जब्त की गई। जांच में मकान मालिक कोमल अहिरवार का नाम सामने आया। उसे जूना से गिरफ्तार किया गया, वही साथी विजय अहिरवार व गोविंद अहिरवार को भी पकड़ लिया गया। कोमल अहिरवार ने पुलिस की सूचना मिलते ही पिकअप को मकान में छिपा दिया था और खुद फरार हो गया था। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और कहा है कि आगे अन्य आरोपी भी सामने आएंगे।